प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- राष्ट्रीय युवा दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026** के समापन सत्र में भाग लेंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राज्य की नई युवा नीति–2026 और एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी करेंगे।

- राजस्थान में साइबर क्राइम कॉओर्डिनेशन सेंटर–**आर4सी** बनाया जायेगा–साइबर अपराधों पर लगाम के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित होगा।

- प्रदेश के मैदानी इलाकों में सर्दी के इस मौसम में पहली बार तापमान माइनस में पहुंचा–नागौर और सीकर के फतेहपुर में पारा आज भी शून्य से नीचे दर्ज।

........................

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026** के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत करेंगे। चुने गए प्रतिभागी प्रधानमंत्री के सामने दस थीमेटिक ट्रैकों में अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इस दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 का निबंध संग्रह भी जारी करेंगे।

........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। श्री शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपना पूरा जीवन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की है कि वे स्वामी जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। युवा दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय महोत्सव जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में रखा गया है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा समारोह में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार नीति, नई युवा नीति और रोजगार नीति जारी की जायेगी। युवा दिवस के मौके पर प्रदेश में अनेक आयोजन हो रहे है। बारां में स्वदेशी संकल्प दौड रखी गई है। वहीं करौली में युवाओं के लिए आईटीआई से जुडा रोजगार कार्यक्रम रखा गया है। स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा संगम समारोह कोटा में रखा गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे इसमें शिरकत करेंगे। वहीं कोटा में राज्यस्तरीय युवा संबल मेला आयोजित किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोडने के लिए ये मेला रखा गया है।

........................

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो** आज सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर पीएसएलवी–सी–62 ईओएस–एन–1 मिशन का प्रक्षेपण करेगा। ये प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जायेगा। यह मिशन भारत के सबसे विश्‍वसनीय और सफल प्रक्षेपण यान **पीएसएलवी** की 64वीं उड़ान होगी। इस मिशन का संचालन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड कर रहा है। यह पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के निर्माण और प्रक्षेपण का नौवां वाणिज्यिक मिशन है। यह रॉकेट भारतीय और अन्य देशों के 15 अन्य उपग्रहों को भी लेकर जाएगा। इस मिशन का एक विशेष आकर्षण स्पेनिश स्टार्टअप द्वारा विकसित **केस्ट्रेल इनिशियल टेक्नोलॉजी** का प्रदर्शन है। यह भविष्य में दोबारा उपयोग वाले यान का एक लघु–स्तरीय नमूना है।

........................

बीकानेर का पूगल सौर ऊर्जा का नया हब बनेगा। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि पूगल में बनने वाले सोलर पार्क की निविदा को ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर लॉच कर दिया गया है। इसमें बोली

लगाने की आखिरी तारीख 9 मार्च निर्धारित की गई है जिसमें देश–विदेश की सौर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी। श्री नागर ने बताया कि पूगल सोलर पार्क में 2 हजार 450 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के साथ बेटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली की भी स्थापना की जायेगी। पार्क के लिए आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए 4 हजार 397 हैक्टेयर जमीन आंवटित की जा चुकी है। दो भागों में विकसित होने वाले इस पार्क से करीब 17 हजार करोड रूपये का निवेश आयेगा और रोजगार के **लगभग 1 हजार** अवसर उत्पन्न होंगे। श्री नागर ने कहा कि ये पार्क राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बडा कदम होगा।

........................

राजस्थान में साईबर क्राइम कॉओर्डिनेशन सेंटर–**आर4सी** बनाया जायेगा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कल जयपुर में साईबर क्राइम हैल्पलाईन ऑपरेटर्स की कार्यशाला में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र के **भारतीय साईबर अपराध समन्वय केन्द्र–आई4सी** की तर्ज पर राजस्थान में ये सेंटर स्थापित किया जायेगा। इसे साईबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। इससे सभी जिलों में सूचना साझा करने और अनुसंधान के लिए एक मजबूत एकीकृत ढांचा तैयार होगा। डीजीपी ने कहा कि साईबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए संवेदनशीलता और त्वरित रेस्पोंस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेटरों को पहले रिस्पोंडर के रूप में अपनी भूमिका कुशलता से निभानी होगी। दो दिन की इस कार्यशाला में 1930 साईबर हैल्पलाईन के संचालकों ने भाग लिया।

........................

प्रदेश के मैदानी इलाकों में सर्दी के इस मौसम में पहली बार तापमान माइनस में रिकॉर्ड हुआ। सीकर के फतेहपुर में कल माइनस 3 दशमलव 4 और नागौर में माईनस 1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। नागौर और फतेहपुर में आज भी पारा माईनस में रहा। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से राज्य में कडाके की सर्दी का दौर बरकरार है। रात के साथ दिन भी **गलन और ठिठुरनभरे महसूस किये जा रहे है।** सरहदी इलाके जैसलमेर और हिलस्टेशन मांउटआबू में कई स्थानों पर सुबह बर्फ की हल्की परत देखी गई। 13 शहरों में रात का पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे, वहीं 8 शहरों में 3 डिग्री से नीचे रहा।

घने कोहरे के कारण उदयपुर के डबोक हवाई अड्डे से सात उडाने रद्द की गई। हालांकि राज्य के पूर्वी इलाकों में घने कोहरे से राहत मिली है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नागौर, चूरू, सीकर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में घने कोहरे और शीत दिन की स्थिति जारी रहेगी। कुछ स्थानों पर पाला पडने की भी संभावना है।

........................

कडाके की सर्दी और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जयपुर, करौली, भरतपुर, जैसलमेर सहित कई जिलों में पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आज और कल अवकाश घोषित किया गया है।

........................

राजस्थान ने 69वीं राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता जीत ली है। बाडमेर जिले के चौहटन में हुए इस मुकाबले में राजस्थान की टीम ने पंजाब को 41–34 से हराकर खिताब अपने नाम किया। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

....

........................